# कार्यालय– नगरपालिका परिषद जोशीमठ जनपद चमोली ।

नगरपालिका परिषद जोशीमठ जनपद चमोली पर्वतीय भू–भाग पर स्थित है चारधाम यात्रा के दृष्टिगत भगवान बद्रीनारायण के दर्शन हेतु जाने वाले यात्रियो का प्रथम पडाव स्थान इसी नगर से होते हुये जाता है यात्राकाल समाप्ति के पश्चात छः माह की अवधि के दौरान भगवान बद्रीनारायण की गद्दी का विश्राम स्थल भी इसी नगर मे है । नगरपालिका क्षेत्र मे वर्षवर यात्रियो एवं शीतलहर के दौरान औली मे बर्फ एवं ट्राली/चेयर लिप्ट का आनन्द लेने हेतु पर्यटको का आवागमन लगा रहता है वर्ष–1962 मे नोटिफाइड एरिया जोशीमठ के नाम से इस निकाय का गठन किया गया तथा वर्ष–1982 मे वर्गोत्थान कर नगरपालिका परिषद जोशीमठ बनायी गई । वर्ष–2011 जनगणना के आधार पर इस नगर की जनसंख्या 16709 तथा परिवारो की संख्या–3998 है नगर क्षेत्र मे आर्मी की जनसंख्या का भी काफी बडा भू–भाग है वर्तमान मे इस नगर की जनसंख्या अनुमानित 25000 है जिसमे आर्मी की जनसंख्या पृथक है यह नगर 09 वार्डो मे विभाजित है जिसमे मुख्यता सफाई व्यवस्था एवं पथ प्रकाश की उचित व्यवस्था बनाये रखने हेतु तीन पालियो मे सफाई व्यवस्था की जाती है सफाई व्यवस्था के लिये पालिका के पास ग्याहरा–सफाई कूडा वाहन एवं एक–जे0सी0पी0 तथा एक स्काई लिप्टिंग उपलब्ध है सभी वार्डो मे डोर–टू–डोर कूडा जैविक–अजैविक एकत्रित कर टेचिंग ग्राउण्ड/एम0आर0एफ0सेन्टर मे लेजाकर उसकी छटाई करते हुये काम्पैक्टर मशीन के द्वारा कौम्पेक्ट कर 50–60 किलो की सिल्ली/बेल बनायी जाती है जिसको पालिका द्वारा अधिकृत फर्म/आपूर्तिदाता को विक्रय किया जाता है यह नगर 49.75 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है जिसमे 77 पर्यावरण मित्रो द्वारा सफाई का कार्य यथा समय–समय पर सम्पादित किया जाता है ।

**स्वच्छ भारत मिशन योजना–शहरी के अर्न्तगत केन्द्र पोषित योजना के निमित व्यक्तिगत शौचालयः–** **धनराशि लाख मे**

| कमांक | मद का नाम | स्वीकृत व्यक्तिगत शौचालयो की संख्या | स्वीकृत धनराशि | लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण व्यक्तिगत शौचालयो की संख्या | कुल व्यय धनराशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वच्छ भारत मिशन योजना के अर्न्तगत व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण | 390 | 46.80 | 390 | 46.80 | पात्र लाभार्थियो को प्रति परिवार हेतु अनुदान के रूप मे रू0 12000/–की धनराशि दी गई । |

**ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन के अर्न्तगत अजैविक कूड़ा से निकाय को प्राप्त आयः—**

| क्र0सं0 | वित्तीय वर्ष | कूड़ा विक्रय की मात्रा (किलोग्राम में ) | अजैविक कूड़ा विक्रय से आय |
|---|---|---|---|
| 1 | 2010-11 | 111340 | 2,15,573 |
| 2 | 2011-12 | 60787 | 2,86,872 |
| 3 | 2012-13 | 48793 | 3,72,169 |
| 4 | 2013-14 | 56567 | 5,25,498 |
| 5 | 2014-15 | 59085 | 5,22,713 |
| 6 | 2015-16 | 42751 | 3,11,075 |
| 7 | 2016-17 | 90977 | 6,13,989 |
| 8 | 2017-18 | 83789 | 8,80,114 |
| 9 | 2018-19 | 103213 | 9,25,201 |
| 10 | 2019-20 | 114459 | 7,34,735 |
| 11 | 2020-21 | 104697 | 6,68,307 |
| 12 | 2021-22 | 90405 | 7,70,975 |
| 13 | 2022-23 | 166599 | 16,06,193 |
| 14 | 2023-24 | 144907 | 15,92,748 |
| 15 | 2024-25 | 142793 | 1426730 |
| | **योग –** | **1427747** | **1,14,52,892** |

स्वरोजगार के दृश्टिगत स्वयंम सहायता समूह की 31 महिलाओ से सभी 09 वार्डो मे यूजर चार्ज कलेक्शन का कार्य नियमित रूप से सम्पादित किया जा रहा है । निकाय को यूजर चार्ज के रूप मे वित्तीय वर्श 2017—18 से **वर्ष 2024—25 तक रूपये—76,19,339—00** की धनराशि प्राप्त हुयी ।

प्रधानमंत्री आवास योजना–शहरी के अर्न्तगत पात्र लाभार्थियो को अपना घर/आवास बनाने हेतु अनुदान के रूप मे प्रति परिवार को रू0 2,00000–00 की धनराशि चरणबद्ध दी गई ।

प्रधानमंत्री आवास वित्तीय प्रगति धनराशि लाख मे

| क्रमांक | प्रधानमंत्री आवास योजना (भाहरी)स्वीकृतडी0पी0आर0 का वर्श | लाभार्थियो की संख्या | स्वीकृत धनराशि | प्राप्त धनराशि | व्यय की गई धनराशि | अवशेष धनराशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वित्तीय वर्ष 2015–16 | 81 | 354.8 | 155.80 | 155.00 | 0.80 |
| 2 | वित्तीय वर्ष 2017–18 | 69 | 302.2 | 128.20 | 128.00 | 0.20 |
| 3 | वित्तीय वर्ष 2017–18 | 45 | 197.1 | 83.80 | 83.60 | .0.20 |
| | योग– | 195 | 854.1 | 367.80 | 366.60 | 1.20 |

भौतिक प्रगति

| क्रमांक | स्वीकृत डी0पी0आर के सापेक्ष लाभार्थियो की संख्या | पिलन्थ | लीन्टल | रूप | पूर्ण | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 195 | 03 | 10 | 19 | 163 | विभिन्न स्तरो पर कार्य गतिमान है । |

**प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के अर्न्तगत ठेली/फड व्यवसायिको को ऋण के रूप मे दी गयी धनराशि:–**

| क्रमांक | चरण बद्ध दिये गये ऋण की धनराशि | निर्धारित लक्ष्य | लक्ष्य के सापेक्ष लाभान्वित लाभार्थियो की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | प्रथम चरण की राशि–10000/– | 50 | 46 |
| 2 | द्वतीय चरण की राशि–20000/– | 20 | 24 |
| 3 | तृतिय चरण की राशि 50,000/– | 05 | 12 |

(एच0 एस0 रौतेला)
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
जोशीमठ ।

(देवेश्वरी शाह)
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
जोशीमठ ।